तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही, मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म को तामील में जारी हुए
13/1/2025	न्यायालय अतिरिक्त संभागीय आयुक्त जोधपुर **राजस्व अपील सं0 412/2024** अनवान ***बालाराम व अन्य बनाम आदूराम वगैरा*** पत्रावली अपीलांट्स अधिवक्ता श्री पूनाराम विश्नोई द्वारा आज दिनांक को अपने वकालतनामें के साथ प्रस्तुत ''प्रार्थना पत्र बाबत मिसल तलब कर अपील जरिये विड्रोल आज ही खारिज करने के कम में'' तलब कर तारीख पेशी पर ली गई। वकालतनामे पर पूर्व अधिवक्ता श्री मोहनलाल खत्री द्वारा अनापत्ति अंकित की हुई है। वकील अपीलांट्स उपस्थित। अपीलांट सं0 7–भंवराराम एवं 16–रिडमल स्वयं उपस्थित जिनके हस्ताक्षकर की पहचान अपीलांट्स अधिवक्ता द्वारा की गई। वकील अपीलांट्स द्वारा प्रार्थना पत्र में उल्लेखित तथ्यों को दौहराते हुए मुख्यतः यह निवेदन किया कि उक्त अनवान प्रकरण में पक्षकारों के मध्य आपसी सहमति–लोक अदालत की भावना से राजीनामा हो गया है। अतः अपीलांट्स उक्त अपील को आगे चलाना नही चाहते है तथा अपील जरिये विड्रो खारिज कराना चाहते है। अतः वकील अपीलांट्स द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर अपीलांट्स की उक्त अपील जरिये विड्रोल खारिज की जाती है। प्रस्तुत प्रार्थना पत्र शामिल पत्रावली किया जावे। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम की जावे व अधीनस्थ न्यायालय को निर्णय की सत्यप्रति से सूचित किया जावे। निर्णय आज दिनांक को खुले न्यायालय लिखाया जाकर, सुनाया गया। **(अजीत सिंह राजावत)** अतिरिक्त संभागीय आयुक्त जोधपुर	रिड़मलराम भँवरराम आईदानराम (बालाराम का पुत्र) Identify by 13/1/25